लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक

RNI no.- UTTHIN/2009/27696

# सूर्य बंदन

वर्ष : 12 अंक : 40 | देहरादून, सोमवार, 16 नवम्बर 2020 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 01 रुपया मात्र

## हर्षोल्लास से मनाया गया गया राज्य स्थापना दिवस

अल्मोड़ा (सू0वि0)। 21वां राज्य स्थापना दिवस जनपदभर में हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम रैमजे इण्टर कालेज में आयोजित हुआ। जहाँ पर जनपद प्रभारी मंत्री डा0 हरक सिंह रावत ने 21वें राज्य स्थापना दिवस पर सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित ''विकसित होता उत्तराखण्ड बातें कम, काम ज्यादा'' पुस्तिका का विमोचन किया।

बतौर मुख्य अतिथि डा0 रावत ने राज्य आन्दोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि नये भारत के निर्माण में उत्तराखण्ड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण में उत्तराखण्ड आन्दोलनकारियों का




महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज हम सौभाग्यशाली है जो पृथक राज्य में रह रहे है। उन्होंने कहा कि इन 20 वर्षों में राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं, सड़क, विद्युत एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया है और उत्तराखण्ड मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भी याद किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोविड–19 से उत्पन्न चुनौतियों को अवसर में बदलने का आह्वान करते हुए आत्मनिर्भर भारत की बात कही है जिसको हमें साकार करना होगा। आज पूरा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोविड–19 से लड़ते हुए आगे बढ़ रहा है जिसमें प्रदेश ने सभी लोगो के सहयोग से बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत तभी सम्भव है जब हर राज्य हर गॉव और हर नागरिक आत्मनिर्भर होगा। युवाओं और महिलाओं की आजीविका पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि खेत, खलिहानों में काम कर युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना होगा। स्वरोजगार को एक अभियान के तौर पर लेते हुए हमने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना शुरू की जिसका अधिक से अधिक लोग लाभ उठायें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य में रोजगार की अपार सम्भावनायें है जरूरत है कि हमें उसे समझना होगा और उस दिशा में आगे बढ़ना होगा।

राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी0एन0 मीणा, मुख्य विकास अधिकारी मनुज गोयल, अपर जिलाधिकारी बी0एल0 फिरमाल, उपजिलाधिकारी सीमा विश्वकर्मा, तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार मनीषा मारकाना, मुख्य शिक्षा एच0बी0 चन्द, आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के0एस0 नपलच्याल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी राकेश जोशी, भाजपा महामंत्री महेश नयाल, संजय साह ''रिक्खू'', कन्नू साह, सी0एल0 टम्टा, प्रधानाचार्य रैमजे इण्टर कालेज विनय विल्सन, गिरीश मल्होत्रा, पुलिस उपाधीक्षक वीर सिंह, नरेन्द्र कुमार, डॉ विद्या कर्नाटक, विनोद राठौर, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नवजोत पाण्डे ने किया।

## डेंगू के विरुद्ध छिड़काव अभियान चला

**हरिद्वार** (सू0वि0)। जिलाधिकारी सी0 रविशंकर के निर्देशों का पालन करते हुए डेंगू के विरुद्ध अभियान के



अन्तर्गत विशेषज्ञ टीम ने डेंगू के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई के सम्बन्ध में सभी को सक्रिय करते हुये लगातार समन्वय स्थापित किया गया। अभियान से जुड़े लोगों को डेंगू के लार्वा के स्रोत और डेंगू के लार्वा को नष्ट करने तथा आवश्यक रसायन एवं कीट नाशक के बारे में जानकारी दी गयी। टीम ने जनपद हरिद्वार के सभी समस्त आवासीय क्षेत्रों, कबाड़ की दुकानों, धर्मशालाओं, होटलों, कार्यालयों तथा इन स्थानों पर रखे गये फ्रिज, कूलर, गमलों, ट्यूब–टायर, अन्य अनावश्यक वस्तुओं आदि में विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुये, खासकर डेंगू पॉजिटिव पाये गये व्यक्तियों के निवास स्थलों में, जनपद के समस्त नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के सहयोग से सक्रिय रूप से जन–जागरूकता सहित छिड़काव का अभियान चलाया गया और कई स्थानों पर लार्वा नष्ट किया गया। कार्यक्रम के तहत तेल्लीवाला, खेदली, सन्देशनगर, में छिड़काव, लार्वा नष्ट करना तथा प्रचार प्रसार का कार्य किया गया। नगर निगम रूड़की के बीटीगंज के आसपास के क्षेत्रों में नगर निगम, रूड़की की सामूहिक टामों द्वारा लोगों को डेंगू से बचाव व जन–जागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों को पम्फलेट द्वारा डेंगू से बचाव व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। डेंगू का लार्वा पनपने की सम्भावित जगहों पर कीटनाशक छिड़काव तथा जन–जागरूकता अभियान चलाकर सभी ने मिशन के रूप में जिलाधिकारी के आदेशों का पालन किया, ताकि जनपद को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्त किया जा सके।

## अब रविवार को भी खुलेगा आधार कैम्प केंद्रः सुमित तिवारी

**हरिद्वार** (संवाददाता)। बैंकों व डाकखानों की लंबी लंबी लाइनों में परेशानी उठा चुके सभी नागरिकों के लिए श्री पिनाकी ग्रुप द्वारा लगाया गया आधार कैम्प केंद्र अब वरदान साबित हो रहा है। जहाँ पर घंटो का काम मिनटो में हो रहा है। विगत 11 दिनों के कैम्प में अब तक हजारों लोग सेवा का लाभ उठा चुकें है।श्री पिनाकी ग्रुप के चेयरमैन सुमित तिवारी ने बताया कि आम जनमानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधार कार्ड में संशोधन व नए आधार के लिए लोगों को फोन के माध्यम से व व्यक्तिगत पहले ही जानकारी प्रदान कर दी जाती है ताकि लोगों को बार बार चक्कर न लगाने पड़े। उनको आधार संशोधन के लिए पहले ही जरूरी कागजों के बारे में जानकारी दे दी जाती है ताकि घंटो लाइन में न लगना पड़े और नम्बर आने पर वापीस जाना पड़े।सुमित तिवारी ने बताया कि लगातार ऐसे लोगों के भी फोन आ रहे है जो की जॉब वर्क करते है तथा सप्ताह के रविवार को ही उनकी अवकाश (छुट्टी) रहता है ऐसे लोगों की भी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रविवार को भी कैम्प केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। अतः ऐसे लोग जो जॉब वर्क करते है उनकी सुविधा के लिए आधार कैम्प केंद्र रविवार को खुला रहेगा। वैसे तो टोकन के लिए रानीपुर मोड़ पर ही दो टोकन काउंटर खोले गए है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति सीधे कैम्प में पहुंच जाता है तो उसको वापस भागादौड़ी की परेशानी न हो उसके लिए भी अलग से टोकन की व्यवस्था कर दी जाती है। जिस कारण अब लोगों को महीनों के इंतजार नही करना पड़ेगा।

## पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी योजनाओं के लिये धनराशि का अनुमोदन

**देहरादून** (सू0वि0)। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा प्रदेश की विभिन्न पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी योजनाओं के लिये धनराशि का अनुमोदन किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्रों में 26 हैण्डपम्प एवं 11 आयरन रिमूवल यूनिट अधिष्ठापन कार्य हेतु 89.30 लाख, देहरादून के कौलागढ़ जोन में सीवर लाईन बदलने तथा रख रखाव आदि के लिये 99.53 लाख, पित्थूवाला के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में सीवर लाईन बिछाने हेतु 12.43 लाख, पित्थूवाला वार्ड 87 सेवलाखुर्द में 5 किमी पेयजल लाईन कार्य हेतु प्रथम किस्त के रूप में 115.90 लाख, पित्थूवाला के मोहित नगर में नलकूप निर्माण हेतु प्रथम किस्त 14.80 लाख, विधानसभा क्षेत्र राजपुर के करनपुर जोन में जर्जर पेयजल लाईनों के पुनर्निर्माणध्मरम्मत हेतु प्रथम किस्त के रूप में 90.62 लाख की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अंतर्गत सोनला नगरीय पेयजल योजना में आर.बी.एम पद्धति से ट्यूबवेल निर्माण हेतु 27.50 लाख, एन.आई.टी सुमाडी पेयजल योजना के लिये 1192.88 लाख के साथ ही जनपद पिथौरागढ़ के दौला टैंक से पवन विहार कॉलोनी तक पेयजल लाईन विस्तार हेतु 10.50 लाख की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## सम्पादकीय

कॉस्मेटिक्स और कॉस्मेटिक सर्जरी ने सौंदर्य की प्राकृतिक दुनिया पर कब्जा कर लिया है। आज नारी को यह बताया जा रहा है कि सुंदरता वो नहीं है जो उसके पास है। बल्कि आज सुदंरता के नए मापदंड हैं और जो स्त्री इन पर खरी नहीं उतरती वो सुंदर नहीं है। परिणामस्वरूप आज की नारी इस पुरुष प्रधान समाज द्वारा तय किए गए खूबसूरती के मानकों पर खरा उतरने के लिए अपने शरीर के साथ भूखा रहने से लेकर और न जाने कितने अत्याचार कर रही है यह किसी से छुपा नहीं है। सबसे बड़ी विडम्बना तो यह है कि खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं उन ब्यूटी पार्लरस में जाती हैं जिनका संचालन करने वाली महिलाओं का सुंदरता अथवा सौंदर्य के इन मानकों से दूर दूर तक कोई नाता ही नहीं होता।दरअसल आज हम भूल गए हैं कि सुंदरता चेहरे का नहीं दिल का गुण है। सुंदरता वो नहीं होती जो आईने में दिखाई देती है बल्कि वो होती है जो महसूस की जाती है। हम भूल गए हैं कि सम्पूर्ण सृष्टि ईश्वर का ही हस्ताक्षर है और इस शरीर के साथ साथ हमारा यह जीवन हमें उस प्रभु का दिया एक अनमोल उपहार। लेकिन आज सुंदरता में पूर्णता की चाह में स्त्री भूल गई है कि अधूरेपन और अव्यवस्था में भी एक खूबसूरती होती है। वो भूल गई है कि ईश्वर की बनाई हर चीज खूबसूरत होती है। कली की सुंदरता फूल से कम नहीं होती और बागीचे की खूबसूरती वन से अधिक नहीं होती । सूर्योदय की अपनी खूबसूरती है तो सूर्यास्त की अपनी। पहाड़ों की अपनी सुंदरता है तो नदियों और समुद्र की अपनी। अगर हमें मोर अपनी ओर आकर्षित करता है तो कोयल भी। वस्तुतः खूबसूरती तो प्रकृति की हर वस्तु में होती है लेकिन दुर्भाग्यवश हर किसी को दिखाई नहीं देती। कहते हैं कि सुंदरता देखने वाले की आँखों में होती है इसलिए जिस दिन स्त्री खुद को खुद की नजरों से देखेगी दुनिया की नहीं उस दिन उसकी सौंदर्य की परिभाषा भी बदल जाएगी। वो समझ जाएगी कि सुंदर तो ईश्वर की बनाई हर कृति होती है।लेकिन जब किसी वस्तु की सुंदरता के मापदंड तय कर दिए जाते हैं या फिर तकनीकी रूप से सुंदरता की बात की जाती है तो इसका मतलब उसके ज्यामितीय रूप से होता है। उसके अंगो के माप से होता है या फिर उसके रंग उसके भौतिक स्वरूप से होता है। स्त्री को समझना होगा कि ऐसे मापदंडों के जाल में जो स्त्री अपने शरीर की सुंदरता ढूंढती है, जब वो खुद ही देह से परे अपना आस्तित्व नहीं देख पाएगी तो यह पुरूषप्रधान समाज कैसे देख पाएगा। इसलिए सबसे पहले तो स्त्री को स्वयं को इन मापदंडों से मुक्त करना होगा। इस दौर में जब पुरुषों के गोरे होने की क्रीमों के विज्ञापनों की बाढ़ आई हो तो उसे अपने सांवले रंग पर गर्व महसूस करना होगा। इस दौर में जब पुरषों में अपनी बाइसेप्स ट्राइसेप्स और ऐब्स का प्रदर्शन करने की होड़ लगी हो, उसे अपने व्यक्तित्व को संवारना होगा। और सत्य क्या है ? ये शरीर ? लेकिन शरीर तो नश्वर है! जी हाँ सत्य तो वो आत्मा है जो इस शरीर में निवास करती है। वो अगर सुंदर है तो ये सुंदरता ही सत्य है। इसलिए हमारी संस्कृति में बाहरी गुणों से अधिक महत्व भीतरी गुणों को दिया गया है। यही कारण है कि शास्त्रों में तन से अधिक मन की सुंदरता को महत्व दिया गया है। वो जो है जैसी है खुद पर नाज करना होगा। उसे याद दिलाना होगा खुद को कि यह वो देश है जहाँ अगर गौरी हैं तो महाकाली भी हैं और पूजनीय दोनों ही हैं। ये वो देश है जहाँ नारी केवल स्त्री देह नहीं है वो शक्ति का केंद्र है, वो शक्ति की देवी है, धन की देवी है, ज्ञान की देवी है, अन्नपूर्णा है, सृजनकर्ता है। वो कोमलता का प्रतीक है तो जन्मदात्री के रूप में सहनशक्ति की पराकाष्ठा है। ये वो देश है जहाँ सौंदर्य एक भौतिक गुण नहीं एक आध्यात्मिक अनुभूति है। क्योंकि ये वो देश है जहाँ सुंदरता की परिभाषा है, ष्सत्यं शिवम सुंदरमष है । यानी जो सत्य है वो शिव है और वो ही सुंदर है।

# ओलंपस हाईस्कूल ने मनाया वर्चुअल स्पोर्ट्स एक्टिविटी डे

**देहरादून** (संवाददाता)। ओलंपस हाईस्कूल ने स्कूल परिसर के भीतर पहला वर्चुअल स्पोर्ट्स एक्टिविटी डे मनाया। कोविड–19 महामारी के कारण छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया। वर्चुअल स्पोर्ट्स एक्टिविटी डेश के परिणामों की घोषणा की गई जिसमे बैलून बैलेंसिंग रेस' में मुदिता वार्ष्णेय और आरव ध्यानी ने पहला स्थान हासिल किया, अनन्या सिंह ने श्एक्सप्लोर द ट्रैक' में पहला पुरस्कार जीता, कानन ने 'ड्रेस अप रेस' में पहला स्थान हासिल किया, रणवीर को शबिग फुट रेस' में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, हर्षित यादव ने श्वाटर बॉटल रेसश में पहला स्थान हासिल किया, सुहानी थापा ने श्कलेक्टिंग द बॉल्सश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, इशिता जम्वाल को श्टाईइंग शू लेसश में प्रथम पुरस्कार के साथ प्रस्तुत किया गया, गर्विता सेठी ने गारलैंड मेकिंगश में पहला स्थान हासिल किया, अविशी शाही को श्ब्लो द बैलून' में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया जबकि आद्य शर्मा को श्ड्रेस अप टू स्कूल' के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हेड बॉय राज्यवर्धन सिंह भंडारी और हेड गर्ल मानवी शर्मा के स्वागत भाषण के साथ हुई।बाद में प्रधानाचार्या डॉ अनुराधा पुंडीर मल्ला ने अपने भाषण में छात्रों के जीवन में खेल के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर के दौरान उन्होंने कहा, ष्हम सभी ओलिंपस हाई का हिस्सा होते हुए ये मानते हैं कि भले ही यह महामारी ने हमें अपने घरों के अंदर रहने में मजबूर कर दिया है, मगर इस से हमारे उत्साह और जोश में कोई कमी नहीं आयी है। ऑनलाइन स्पोर्ट्स इवेंट के दौरान योगा और जुम्बा नृत्य प्रदर्शन के साथ साथ कई विभिन्न मंत्रमुग्ध करने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन स्कूल के सीनियर सेक्शन की फैकल्टी द्वारा किया गया। इसके बाद क्रमशः प्राइमरी और प्री–प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों द्वारा उत्साह भरा जुम्बा और नृत्य प्रदर्शन किया गया। सभी छात्रों ने कार्यक्रम में अपने अपने घरों से भाग लिया और प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में प्राइमरी और प्री–प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी आयोजित करी गयीं। कार्यक्रम का समापन प्रबंधन निदेशक कुनाल शमशेर मल्ला के भाषण के साथ हुआ, जिसके माध्यम से उन्होंने ओलम्पियन्स की आपस में जुड़े रहने की उत्साह भावना की प्रशंसा करी। उन्होंने सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करी और छात्रों को सदैव कड़ी मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित करा।



# सीएम ने लोहाघाट में बने ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण किया

**चम्पावत/देहरादून** (सू0वि0)। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जनपद चम्पावत के लोहाघाट में बने ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण कर ग्रोथ सेंटर के भवन का सुदृढ़ीकरण तथा लौह बर्तन एवं कृषि यंत्र उत्पादन मशीनों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लगभग 11 करोड़ 93 लाख की सात विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण के साथ ही लगभग 18 करोड़ 65 लाख लागत की 12 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ग्रोथ सेंटर के निरीक्षण के दौरान कहा कि ग्रोथ सेंटर आत्मनिर्भर भारत और वोकल फोर लोकल का अच्छा उदाहरण है, इसलिए ग्रोथ सेंटर से जुड़े लोगों के स्किल डेवलवमेंट की भी व्यवस्था की जाय। मुख्यमंत्री द्वारा राजकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र नरियाल गांव का भी भ्रमण किया गया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए विकास कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कोविड– 19 से निपटने के लिए हम सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे, इसमें किसी भी प्रकार का शिथिलता न बरती जाय। कोरोना संक्रमण वायरस के नियंत्रण व रोकथाम के लिए लगातार प्रचार–प्रसार किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग लोगों से वार्ता करें तथा वे जिस काम में रूची रखते है उस कार्य के लिए उन्हें और अधिक प्रोत्साहित कर उन्हें लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद स्वरोजगार को बढ़ावा देना है तथा प्रति व्यक्ति आय में बढोत्तरी करना है, इसलिए नियोजित तरीके से खपत की पूर्ति करने के लिए एक बेहतर योजना होनी चाहिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को पोल्ट्री के क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य परिणात्मक होना चाहिए। मनरेगा की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिये।मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत एक रूपये में पानी के कनेक्शन दिये जा रहे है इसलिए विभाग प्रत्येक दिन का लक्ष्य निर्धारित कर धरातलीय कार्य करें, इसके लिए उन्होंने ग्राम व न्यायपंचायत स्तर पर कार्य योजना तैयार करने निर्देश दिए। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार भी प्राप्त होगा। जिला योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि धनराशि का व्यय रोजगारपरक योजनाओं पर अनिवार्य रूप से किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा प्रत्येक व्यक्ति को रोजगारपरक योजनाओं से लाभान्वित करना है इसलिए स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन निर्णय ले, ताकि आम जनमानस को योजनाओं का वास्तिवक लाभ मिल सके। उन्होंने पिरूल से बिजली उत्पादन की अत्यधिक संभावनाओं को देखते हुए कहा कि लोगो को इसके लिए प्रेरित एवं जागरूक कर जिससे वनाग्नि को काफी हद तक रोका जा सकता हैं एवं लोगो की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया जा सकता हैं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी सुरेंद्र नारायण पांडे ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जनपद में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है। कोविड–19 की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग तथा जल जीवन मिशन के संबंध में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि इस योजनान्तर्गत विभागवार कार्ययोजना तैयार की गयी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि समीक्षा बैठक में उनके द्वारा जो आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं उनका जनपद में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री अरविंद पांडेय, विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, कैलाश चन्द गहतोड़ी, जिला पंचायत अध्यक्षा ज्योति राय, दायित्वधारी हयात सिंह मेहरा, मंडलायुक्त अरविंद सिंह ह्यांकी, जिलाधिकारी सुरेंद्र नारायण पांडेय आदि उपस्थित थे।

# नरवणे की नेपाल यात्रा दोनों देशों के संबंधों की सुधार की दिशा में मील का पत्थर



नेपाल बेतुके बयान देता रहा लेकिन भारत ने सार्वजनिक रूप से ज्यादा सख्ती नहीं दिखाई और नेपाल में चल रहे सहयोग कार्यों को विवाद के बावजूद जारी रखा। नेपाल की सरकार भले भारत विरोध का झंडा बुलंद कर चुकी थी लेकिन नेपाल की जनता भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहती है।

भारतीय सेना के अध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे का नेपाल दौरा और वहां प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से उनकी बातचीत कई मायनों में महत्वपूर्ण रही। एक तो जबसे दोनों देशों के बीच सीमा विवाद शुरू हुआ है, तब से यह सबसे बड़े स्तर की वार्ता है दूसरा सेनाध्यक्ष से मुलाकात के ठीक बाद जिस तरह नेपाल के उग्र स्वर बदले हैं वह एक बड़ी कामयाबी है। सेनाध्यक्ष नरवणे से मुलाकात के दौरान ओली ने इस बात पर जोर दिया है कि दोनों देशों के बीच अच्छी दोस्ती है और किसी भी समस्या को बातचीत से सुलझाया जा सकता है। अब नेपाल के सुर क्यों बदले हैं और क्यों वह अपने बड़े भाई और सबसे पुराने सहयोगी देश भारत के पास लौटा है इसके कारणों पर चर्चा करेंगे और आपको इस लेख में आगे बताएंगे कि कैसे भारत ने बेहद ही सधे हुए तरीके से नेपाल को अपने चंगुल में फँसाने की चीनी साजिश को नाकाम कर दिया है।

सबसे पहले बात करते हैं भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की, जिन्होंने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। नरवणे और ओली के बीच बैठक बालूवाटार स्थित उनके आधिकारिक निवास पर हुई। ओली नेपाल के रक्षा मंत्री भी हैं। खास बात यह है कि ओली ने नरवणे के नेपाल दौरे से ठीक पहले उपप्रधानमंत्री ईश्वर पोखरेल से रक्षा मंत्रालय का कार्यभार छीन कर अपने पास ले लिया था। पोखरेल भारत विरोधी रुख के लिए जाने जाते हैं।

नरवणे का सम्मान

नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को एक विशेष समारोह में नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान की। यह दशकों पुरानी परंपरा है जो दोनों सेनाओं के बीच के मजबूत संबंधों को परिलक्षित करती है। इस परंपरा की शुरूआत 1950 में हुयी थी। जनरल केएम करियप्पा पहले भारतीय थलसेना प्रमुख थे, जिन्हें 1950 में इस उपाधि से सम्मानित किया गया था। पिछले साल जनवरी में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नयी दिल्ली में नेपाली थल सेना के प्रमुख जनरल पूर्ण चंद्र थापा को भारतीय सेना के मानद जनरल की उपाधि दी थी।

भारत–नेपाल सेना के बीच समन्वय बढ़ा

जनरल नरवणे ने नेपाली सेनाध्यक्ष जनरल थापा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर काफी विस्तार से चर्चा की। नेपाल के थलसेना मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ष्उन्होंने द्विपक्षीय हितों के मुद्दों के अलावा दोनों सेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग के मौजूदा बंधन को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की।ष् नरवणे सेना मुख्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए और 'आर्मी पैविलियन' में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उन्हें सेना मुख्यालय में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। उन्होंने पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए सेना मुख्यालय में एक पेड़ भी लगाया।

अपने नेपाल दौरे के दौरान जनरल नरवणे ने काठमांडू के बाहरी इलाके शिवपुरी में सैन्य कमान एवं स्टाफ कॉलेज में मध्यम स्तर के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित भी किया। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा किया।

विवाद से समाधान तक

जनरल नरवणे की इस यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच संबंधों में नए सिरे से सामंजस्य स्थापित करना भी है। नेपाल ने इस वर्ष की शुरुआत में एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था और उत्तराखंड के कई क्षेत्रों को अपना हिस्सा बताया था जिसके बाद दोनों पड़ोसी देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था। तब से दोनों देशों के बीच भारत की ओर से यह काठमांडू की पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा आठ मई को उत्तराखंड के धारचूला को लिपुलेख दर्रे से जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सड़क का उद्घाटन किए जाने के बाद नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल ने दावा किया था कि यह सड़क उसके क्षेत्र से होकर गुजरती है। कुछ दिनों बाद, उसने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र के तौर पर दिखाते हुए नया नक्शा जारी किया था। भारत ने भी नवंबर 2019 में एक नया नक्शा प्रकाशित किया था जिसमें इन क्षेत्रों को भारत के क्षेत्र के रूप में दिखाया गया था। नेपाल द्वारा नक्शा जारी किए जाने के बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, इसे ''एकतरफा कृत्य'' बताया था और काठमांडू को आगाह करते हुए कहा था कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा ''कृत्रिम विस्तार'' उसे स्वीकार्य नहीं होगा। भारत ने कहा था कि नेपाल का यह कदम दोनों देशों के बीच बातचीत के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने के लिए बनी सहमति का उल्लंघन करता है।

नेपाल को समझाने के प्रयास रंग लाये भारत के साथ विवाद खड़ा करके नेपाल बार–बार बेतुके बयान देता रहा लेकिन भारत ने सार्वजनिक रूप से ज्यादा सख्ती नहीं दिखाई और नेपाल में चल रहे सहयोग कार्यों को विवाद के बावजूद जारी रखा। नेपाल की सरकार भले भारत विरोध का झंडा बुलंद कर चुकी थी लेकिन नेपाल की जनता भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहती है क्योंकि दोनों देशों के बीच रोटी–बेटी का रिश्ता है। नेपाल की सरकार चीनी चाल में उलझती रही और वहां की जनता अपनी सरकार को चेताती रही, यही नहीं भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने को लेकर सत्तारुढ़ पार्टी में भी प्रधानमंत्री के खिलाफ बगावत शुरू हो गयी। लेकिन भारत की ओर से नेपाल को समझाने के राजनयिक प्रयास जारी रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कुछ समय पहले रॉ प्रमुख ने नेपाल का दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने प्रधानमंत्री ओली के साथ द्विपक्षीय मसलों पर बात की, साथ ही पूर्व प्रधानमंत्रियों पुष्प कमल दहल प्रचंड, माधव कुमार नेपाल और शेर बहादुर देउबा से भी मुलाकात की। इस बैठक पर नेपाल के कुछ नेताओं ने सवाल भी उठाया कि विदेश मंत्रालय की जानकारी में लाए बगैर यह बैठक अपारदर्शी तरीके से हुई। इन बैठकों में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, यह स्पष्ट नहीं है। इसके ठीक बाद भारतीय सेना प्रमुख को नेपाल के साथ संबंधों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए काठमांडू भेजने के भारत के फैसले को चीन द्वारा क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत इन दिनों म्यांमार, मालदीव, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान और अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए काफी व्यापक प्रयास कर रहा है।चीन को कैसे आयी अक्लअब आपको यह भी बताते हैं कि कैसे चीन की चालबाजी को नेपाल पहचान कर अपने भाई भारत के पास लौट चुका है। दरअसल ब्रिटेन के एक प्रमुख अखबार ने दावा किया है कि चीन ने नेपाल के क्षेत्र में 150 हेक्टेयर से अधिक जमीन हड़प ली है, जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह पूरी तरह बेबुनियाद अफवाह है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन की प्रतिक्रिया द टेलीग्राफ अखबार की खबर पर आई है जिसने नेपाल के राजनेताओं के हवाले से खबर प्रकाशित की थी कि चीन ने सीमा के पास पांच क्षेत्रों में 150 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर लिया है और उसने पूर्ववर्ती डूब क्षेत्र पर दावे के लिए एक नदी के बहाव की दिशा को भी बदला है। द टेलीग्राफ अखबार के संवाददाता ने इस संदर्भ में कहा, ''हमारे पास प्रमाण हैं। हमने नेपाल के राजनेताओं से बात की है और उन्होंने ऐसा कहा है। अखबार की खबर के अनुसार, चीन ने मई में पांच सीमावर्ती जिलों में कथित तौर पर नेपाली जमीन को हड़पना शुरू किया था और इसके लिए उसने पीएलए जवानों को सीमा के उन क्षेत्रों में भेजा जहां पहरेदारी नहीं है।बहरहाल, नेपाल का बदला रुख चीन के तेवर और तीखे करेगा लेकिन भारत उस पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन से जिस तरह मालदीव, श्रीलंका और अब नेपाल ने पीछा छुड़ाया है वह दर्शाता है कि कैसे यह विस्तारवादी देश दोस्त के वेश में सबको छलने के लिए आता है।

# द हैरिटेज स्कूल में कलात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का आयोजन

**देहरादून** (संवाददाता)। द हैरिटेज स्कूल के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कक्षाओं में आयोजित की गई विभिन्न क्रियात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों जैसे कला प्रतियोगिता आई.टी. क्वीज, अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग और मेरा नगर मेरा राज्य क्वीज प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभागीता की।

क्विज प्रतियोगिता में मेरा नगर मेरा राज्य विषय पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अति उत्साह के साथ पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। आई.टी. क्वीज के द्वारा विद्यार्थियों में तकनीकी जानकारी का विकास हुआ। सभी छात्रों ने कलात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आनंद लिया और उनके आत्मविश्वास को प्रोत्साहन मिला।

# बाल संरक्षण आयोग सदस्य ने की पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**रुद्रप्रयाग** (संवाददाता)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. आरजी आनंद ने केदारनाथ में पूजा अर्चना की। साथ ही पुलिस कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने कोरोना वायरस से 18 साल से नीचे के बच्चों को लेकर पुलिस अधीक्षक और स्टेक होल्डर्स से समीक्षा की।पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. आरजी आनंद ने बताया कि वह रुद्रप्रयाग जिले के भ्रमण पर आई हैं। भगवान केदारनाथ के दर्शन के बाद पुलिस के साथ कोरोना को लेकर समीक्षा की गई। इस मौके पर उन्होंने कोविड से 18 साल से नीचे के बच्चों पर होने पर प्रभाव और उनकी सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की। चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह द्वारा कोविड से बच्चों की सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों से भी उन्हें अवगत कराया गया। साथ ही जनपद में किसी भी प्रकार से नाबालिग बच्चों के नशे की प्रवृत्ति में संलिप्त होने संबंधी प्रकरण दर्ज न होने पर भी खुशी जताई और पुलिस अधीक्षक को सम्मानित भी किया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने उन्हें केदारनाथ धाम की प्रतिमा भेंट की।

# विधायक चैंपियन के खिलाफ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ लक्सर कोतवाली में दी तहरीर


**हरिद्वार** (संवाददाता)। खानपुर सीट से बीजेपी विधायक कुँवर प्रणव सिंह चौंपियन के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने एवं अभद्र टिप्पणी करना बसपा नेता सहित कई लोगों को भारी पड़ गया है। एडवोकेट अरुण भदौरिया ने लक्सर कोतवाली में तहरीर देकर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।




तहरीर में कहा कि कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन चार बार के विधायक हैं और 1990 के आईए एस पास आउट हैं, उनके खिलाफ बसपा के कार्यकर्ता विशाल चौधरी उर्फ डब्बू द्वारा 4 नवंबर को एक फेसबुक पर पोस्ट डाली गई थी, जिसको उनके द्वारा कई लोगों को टैग किया गया था।पोस्ट में लिखा गया कि जो काम विधायक और सांसद नहीं करा सके वह काम एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने करा दिया।जबकि उन्हें जानकारी थी कि राजकीय डिग्री कॉलेज लक्सर में पीजी कक्षाएं और अन्य विषय बढ़ाने की मांग को विधायक कुँवर प्रणव सिंह चौंपियन ने उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से स्वीकृत कराया है। उक्त पोस्ट को सचिन कुमार, गुर्जर भीम सिंह, अमित उर्फ टिंकू ने झूठ तथ्यों पर आधारित पोस्ट पर कुँवर प्रणव को लेकर अभद्र टिप्पणी की तथा आम जनता में झूठ को फैलाया। कहाकि कानून व्यवस्था को खतरे में डालते हुए देशद्रोह जैसा कार्य किया है। उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# बस और ट्रक भिड़ंत, दो चोटिल

**देहरादून** (संवाददाता)। नई टिहरी में ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे पर नागणी के हंसवाव गांव के समीप शनिवार सुबह 10.00 बजे एक बस और ट्रक की आमने–सामने की टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक और बस ड्राइवर व कंडक्टर चोटिल हुए। बस हरिद्वार से बद्रीनाथ जा रही थी। ट्रक चंबा से ऋषिकेश की ओर जा रहा था। बस में 22 लोग सवार बताए जा रहे हैं, सभी यात्री सुरक्षित हैं।



बस सवार लोगों को हल्की खरोंच आई है। इस दुर्घटना में चोटिल लोगो को उपचार के लिए चंबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।ट्रक ड्राइवर को अधिक चोट होने के कारण बोराड़ी हॉस्पिटल नई टिहरी रेफर किया गया है।

# भेल में खुला योग साधना केन्द्र, यहां लोग कर सकते हैं निशुल्क योग साधना

हरिद्वार (संवाददाता)। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल मजदूर यूनियन के कार्यालय पर सामूहिक कक्षा का आयोजन भारतीय योग संस्थान के तत्वधान और बृजेश कुमार शर्मा के संयोजन में किया गया। कार्यालय के प्रांगण में भारतीय योग संस्थान का निशुल्क केंद्र खोला गया। जहां पर क्षेत्र के लोग निशुल्क योग साधना कर सकते हैं। जिससे कोविड–19 से बचा जा सकता है। जिसमें सभी प्रकार के आसन सिखाए जाएंगे। केंद्र का उदघाटन भेल के नगर प्रशासक नवीन लुनियाल द्वारा किया गया। नवीन लुनियाल ने कहा कि आज योग ही केवल कोविड–19 से बचाव कर सकता है। यदि व्यक्ति योग साधना प्राणायाम रोज करें तो उनको या बीमारी छू भी नहीं सकती। योग का मार्ग सभी के लिए फलदायक और लाभदायक है।

# विकास कार्यों के लिए विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल का आभार व्यक्त किया



**ऋषिकेश** (संवाददाता)। खदरी खडगमाफ, लक्कड़ घाट के स्थानीय निवासियों ने आज विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल को खडगमाफ क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लिए बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों द्वारा वार्ड संख्या–1 लक्कड़घाट खदरी खड़क माफ में ध्यान मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क के दाएं एवं बायें और स्थित आवासीय कॉलोनी में पक्की सड़क एवं नालियों के निर्माण करने हेतु प्रार्थना पत्र भी विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा साथ ही उचित कार्रवाई की मांग भी की। ज्ञात हो कि खड़कमाफ लक्कड़ घाट क्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा मोटर मार्ग का निर्माण किए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों ने आज विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा है कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं मोटर मार्ग निर्माण, विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, सीवरेज इन तमाम कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर खिलानंद भट्ट, विदुर नारायण कोठियाल, राजराजेश्वर, सूर्यबली जोशी, गणेश कुमार, संदीप कुमार, विशाल कुकरेती, पूनम बेलवाल, सोहन सिंह रौतेला, मीनू, महेंद्र सिंह सैनी, राजकुमार, उषा, परमजीत राठौर आदि लोग उपस्थित थे।

# करतारपुर साहिब का प्रबंधन सिखों से छीनने पर विरोध तेज, प्रदर्शन कर जताया ऐतराज

**हरिद्वार** (संवाददाता)। पाकिस्तान सरकार द्वारा करतारपुर साहिब गुरुद्वारे का प्रबंधन गैर सिख कमेटी को सौंपे जाने का भारत में जमकर विरोध हो रहा है।

इसी कड़ी में धर्म नगरी हरिद्वार में उत्तरांचल पंजाबी महासभा से जुड़े लोगों ने भगत सिंह चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पाकिस्तान सरकार के कदम को सिख विरोधी बताया।वहीं, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि करतारपुर साहिब गुरुद्वारे का प्रबंधन सिख समुदाय के लोगों से छीनकर गैर सिख समुदाय के लोगों को देना उनके समुदाय का अपमान है। जिसे किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी गुरुद्वारा प्रबंधन वापस सिख समुदाय को सौंपने के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पाकिस्तान शुरू से ही घटिया मानसिकता से पीड़ित है। पाकिस्तान में ना ही किसी धर्म को आजादी है और ना ही वह किसी धर्म की इज्जत करता है।

यह कार्य करके पाकिस्तान ने अपनी मानसिकता को दर्शाया है। लेकिन यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# लोक अदालत में 78 वादों का निस्तारण किया गया

**देहरादून** (संवाददाता)। सचिव व सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशें के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक देहरादून, ऋषिकश, डोईवाला, विकासनगर, के न्यायालयों में विशेष ई–लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में संदर्भित मामलों के निस्तारण हेतु 20 पीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में कुल 78 वादों का निस्तारण किया गया तथा धनराशि रू0 7259064 का समझौता किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक प्रमोद बेलवाल द्वारा आर.के प्रिंटर्स, 43/1 धर्मपुर, माता मन्दिर रोड़, देहरादून से मुद्रित कराकर 25/4, उमेदपुर, प्रेमनगर, देहरादून–248007 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।